| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 10.05.2025 | अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) जोधपुर जिला (ग्रामीण) एवं श्रीमान जिला कलक्टर महोदय फलोदी के आदेश से पत्रावली आज राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंच के समक्ष प्रस्तुत हुई।<br>वकील प्रार्थी एवं पैरोकार सरकार उपस्थित। वकील प्रार्थी एवं पैरोकार सरकार के निवेदन पर पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना माफिक इस्तदुआ स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद आवश्यक इन्द्राज दाखिल दफ्तर हो।<br><br>10/5/25<br>सदस्य<br>सहायक कलक्टर<br>बाप (फलोदी)<br>राष्ट्रीय लोक अदालत<br>बैंच संख्या 04<br><br>सहायक कलक्टर<br>बाप (फलोदी)<br><br>10/05/25<br>अध्यक्ष<br>सिविल न्यायाधीश<br>एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाप<br>राष्ट्रीय लोक अदालत<br>बैंच संख्या 04 | |

# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी बाप, फलोदी

पीठासीन अधिकारी :- सुखाराम पिण्डेल (आर.ए.एस.)

राजस्व प्रकरण संख्या :- 225 / 2024
दायर दिनांक :- 27.09.2024

जी.सी.एम.एस. नम्बर :- 2024 / 324
निर्णय दिनांक :- 10.05.2025

1. खमूराम पुत्र पांचाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
2. किसनाराम पुत्र तेजाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
3. जगमालराम पुत्र तेजाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
4. नीबूराम पुत्र तेजाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
5. बाबूराम पुत्र पांचाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
6. भगवानाराम पुत्र पांचाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
7. मुलतानाराम पुत्र तेजाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
8. मोहनराम पुत्र पांचाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
9. रामी पुत्री शिवलाल पत्नी जितेन्द्र जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
10. हजारीराम पुत्र पांचाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी

**–प्रार्थी**

**बनाम**

1. अशोक कुमार पुत्र जीवणराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
2. जीवणराम पुत्र मेकाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
3. बगडूराम पुत्र मेकाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
4. मांगीलाल पुत्र जीवणराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
5. रामस्वरूप पुत्र जीवणराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
6. गणपत पुत्र गोमा जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
7. जगमाल पुत्र गोमा जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
8. राजपाल पुत्र भगवाना जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
9. रामपाल पुत्र भगवाना जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
10. इन्द्रा पत्नी सलोककुमार जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
11. कमला पत्नी ओमप्रकाश जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
12. जोधाराम पुत्र कौशलाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
13. धूडाराम पुत्र कौशलाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
14. नैनादेवी पत्नी भूराराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
15. पुनीदेवी पत्नी सोमराज जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
16. फरसाराम पुत्र कौशलाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी

10/5/25

सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)

17. भगवाना पुत्र कौशलाराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
18. मैना पत्नी........... जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
19. शांति पत्नी महिपाल जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
20. सुमता पत्नी अशोक कुमार जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
21. सहीराम पुत्र भूराराम जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
22. बाबू पुत्र गोमा जाति विश्नोई निवासी खिदरत तहसील बाप जिला फलोदी
23. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार बाप तहसील बाप जिला फलोदी

**—अप्रार्थीगण**

**राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम**

**उपस्थित** :—1. श्री सुभाष विश्नोई अधिवक्ता प्रार्थी
3. पैरोकार सरकार तहसीलदार बाप

**—:: निर्णय ::—**

प्रार्थीगण ने राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम, 1956 का इस आशय से पेश किया है कि प्रार्थीगण की खातेदारी अधिकारों की कब्जा काश्त की भूमि खेत खसरा नम्बर 469 रकबा 6.0784 हैक्टेयर ग्राम ठाकरियानाडा पटवार हल्का जाम्बा तहसील बाप जिला फलोदी (राज.) की सरहद में स्थित है। जमाबन्दी व राजस्व भू—नक्शा की वर्तमान प्रतिलिपि संलग्न प्रार्थना पत्र पेश है। उक्त खसरा के पैमाईश आवेदन पर तहसीलदार बाप द्वारा दिनांक 02.01.2024 को जारी आदेश कम संख्या 212 की पालना में दिनांक 02.02.2024 को हल्का पटवारी द्वारा मौके पर पहुंच कर मुस्तकिल बिन्दु से पैमाईश कर मौका पर ही फर्द पैमाईश तैयार कर मौतबीरान के रूबरू प्रार्थीगण तथा पड़ौसी खातेदारान को सीमा ज्ञान करवाया गया तथा सीमा चिह्न कायम किये गये। दिनांक 02.02.2024 को हल्का पटवारी द्वारा प्रार्थीगण के उक्त खसरे की पैमाईश कर कायम किये गये सीमा चिन्हो (फर्द नजरी नक्शा) के अनुसार प्रार्थीगण द्वारा वर्षा ऋतु के मध्यनजर अपने उक्त खसरे की सीमाओं पर फसल, घास, पाला आदि की सुरक्षा के लिए पत्थर की पट्टियां रोपकर बाड़, तारबन्दी इत्यादि करना शुरू करने पर अप्रार्थीगण सं. 1 ता 22 द्वारा व्यवधान पैदाकर प्रार्थीगण को तारबंदी नहीं करने दे रहे है। प्रार्थी की उक्त भूमि की बाड़, तारबंदी नहीं हो पाने से प्रार्थीगण अपनी फसल, घास, पाला इत्यादि की सुरक्षा पत्थर की पट्टिया रोपकर तारबंदी, जाली नहीं कर पाने से प्रार्थीगण को अत्यधिक आर्थिक नुकसान हो रहा है। प्रार्थीगण अपनी उक्त भूमि की मौका फर्द दिनांक 02.02.2024 के माफिक सीमा पर पत्थरगढी करवाने का कानूनन अधिकारी है, जिसका यह प्रार्थना पत्र पत्थरगढी करवाने का पेश है।

प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर सिगेदार की रिपोर्ट ली गयी ओर प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये रजिस्टर्ड डाक के नोटिस से तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 23 पैरोकार सरकार तहसीलदार बाप ने जवाब पेश किया जो शामिल पत्रावली किया गया।

10/5/25

सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)

अप्रार्थी संख्या 1 ता 22 की ओर से कोई उपस्थित नही आये लिहाजा एक पक्षीय कार्यवाही की गई पत्रावली बहस में रखी गई।

अधिवक्ता प्रार्थीगण ने अपनी बहस में प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए बताया कि प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि ग्राम खिदरत पटवार हल्का कानसिंह की सिड तहसील बाप में खेत खसरा नम्बर 469 रकबा 6.0784 हैक्टेयर स्थित है। उक्त भूमि पर प्रार्थीगण का अपने हिस्से पर कब्जा व काश्त आज दिन तक लगातार शांतिपूर्वक चला आ रहा है उक्त भूमि के चारो ओर तारबंदी नही होने की वजह से प्रार्थीगण द्वारा की जा रही काश्त को आवारा पशुओ द्वारा नष्ट किया जा रहा है जिससे प्रार्थीगण को अपूरणीय क्षति हो रही है। इसलिये उक्त भूमि पैमाईश फर्द दिनांक 02.02.2024 अनुसार अपनी हद में पत्थरगढी किये जाने के आदेश फरमावे।

अधिवक्ता प्रार्थीगण की बहस सुनी गई बहस पर मनन किया गया तथा उपलब्ध दस्तावेजीय साक्ष्य का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत जमाबन्दी, नक्सा ट्रेस एवं मौका फर्द का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि ग्राम खिदरत पटवार हल्का कानसिंह की सिड तहसील बाप में खेत खसरा नम्बर 469 रकबा 6.0784 हैक्टेयर स्थित है। प्रार्थीगण वादग्रस्त भूमि का खातेदार है रेकर्डेड खातेदार को अपनी खातेदारी भूमि की पत्थर गढी करवाने का पूर्ण अधिकार है। इसलिए प्रार्थीगण पैमाईश फर्द दिनांक 02.02.2024 अनुसार पत्थरगढी करवाने के हकदार है। प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दस्तावेजात से साबित होने के कारण स्वीकार किया जाना उचित समझते है।

## आदेश

प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण स्वीकार किया जाता है कि ग्राम खिदरत पटवार हल्का कानसिंह की सिड तहसील बाप में खेत खसरा नम्बर 469 रकबा 6.0784 हैक्टेयर भूमि की पत्थर गड्ढी मौका फर्द दिनांक 02.02.2024 अनुसार पड़ोसी खातेदारों को सूचित करते हुवे किये जाने के आदेश दिये जाते है। प्रार्थीगण द्वारा नियमानुसार शुल्क अदा किये जाने पर तहसीलदार बाप उक्त आदेश की पालना में विधिवत पत्थर गडढी करवावे। अगर आवश्यकता हो तो शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस इमदाद प्राप्त की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर, दर्ज नम्बर से कम हो, बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 10.05.2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

10.5.25

(सुखाराम पिण्डेल, R.A.S.)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)

सहायक कलक्टर
बाप (फलोदी)